अध्याय 4


# संख्याओं में जोड़–घटाव

**अधिगम बिन्दु :**
- तीन अंकों की संख्याओं में घटाव।
- हासिल के साथ घटाव।
- देवनागरी अंकों के साथ घटाव।
- जोड़ घटाव के प्रश्न।

**4.1** तरतई गांव में तीन परिवार मिट्टी के दीपक बनाने का काम करते हैं। राजू के परिवार ने 790 दीपक बनाएँ, चेतन के परिवार ने 630 दीपक बनाएँ एवं शंकर के परिवार नें 950 दीपक बनाएँ।



राजू 790 चेतन 630 शंकर 950



बताइए –

–किसके परिवार ने सबसे अधिक दीपक बनाए ?

–किसके परिवार ने सबसे कम दीपक बनाए ?

–राजू चाहता है कि उसका परिवार भी शंकर के परिवार के बराबर दीपक बनाए तो उसे और कितने दीपक बनाने पड़ेंगे।

राजू की बेटी लीला कुछ इस तरह से हिसाब लगाती है –

शंकर के परिवार द्वारा 950 दीपक बनाए –

790 में यदि में 10 जोड़ूँ तो 800 हो जाते है। फिर 100 जोड़ने पर 900 हो जाते है। फिर 50 जोड़ने पर 950 हो जाते है।

इस प्रकार 10 + 100 + 50


= 160 दीपक राजू को और बनाने पडेंगे।

## 4.2 हासिल के साथ घटाव

देवांश ने इस तरह बताया –

| | सै. | द. | इ. |
|---|---|---|---|
| | 8 | 15 | |
| | ~~9~~ | ~~5~~ | 0 |
| – | 7 | 9 | 0 |
| | 1 | 6 | 0 |




इकाई के अंक में से इकाई का अंक घटाते है। यहाँ पर दोनों संख्याओं में शून्य है।

– अब दहाई के अंक में से दहाई का अंक घटाना है। यहाँ 5 दहाई में से नौ दहाई घटानी है। हम जानते हैं पाँच दहाई में से नौ दहाई नहीं घट सकती है, अतः हम नौ सैकड़े से एक सैकड़ा लेते हैं।

( 1 सैकड़ा =10 दहाई )




– अब कुल दहाई 10 + 5 =15 हो गई।

अब 15 दहाई में से 9 दहाई को घटाएंगे तो 6 दहाई शेष रही।

ठीक इसी प्रकार 8 सैकड़े में से 7 सैकड़ा घटाने पर एक सैकड़ा शेष रहा।

इस प्रकार हमारा उत्तर 1 सैकड़ा 6 दहाई व 0 इकाई = 160 आया।




अब आप बताइए –

– शंकर के परिवार ने चेतन के परिवार से कितने अधिक दीपक बनाएँ ?

– चेतन के परिवार ने राजू के परिवार से कितने कम दीपक बनाएँ ?

**4.3 देवनागरी अंकों के साथ घटाव –**

**उदाहरण** – हल कीजिए –

(i) ५७८ - ३८१

```
   ४   १७
   ~~५~~  ~~७~~   ८
 - ३   ८   १
 -----------
   १   ९   ७
 -----------
```

## प्रश्नावली 4

1. हल कीजिए –

(i)
```
  3 8 3
- 2 3 2
-------
-------
```

(ii)
```
  5 0 9
- 3 2 7
-------
-------
```

(iii)
```
  2 3 7
- 1 2 6
-------
-------
```

(iv)
```
  7 0 8
- 5 8 9
-------
-------
```

(v)
```
  9 0 9
- 8 0 9
-------
-------
```

(vi)
```
  1 0 0 0
-   9 9 9
---------
---------
```

2. गाँव, टिम्बागामड़ी की जनसंख्या 479 है। इनमें से पुरुष तथा बच्चों की संख्या 281 है। तो बताइए गाँव में महिलाओं की संख्या कितनी है ?
3. एक विद्यालय की एस.एम.सी. को सर्व शिक्षा अभियान द्वारा वर्ष 2014–15 में शौचालय सफाई हेतु 5000 रू. जारी किये गए। उसमें से विद्यालय द्वारा 3850 रू. खर्च किए गए। बताओ कितनी राशि शेष बची ?
4. स्वच्छ भारत के अंतर्गत राजस्थान के एक ज़िले में 327 शौचालय स्वीकृत किए गए। वर्ष के अंत तक 283 शौचालय पूर्ण हो पाए। बताइए कितने शौचालय बनाने शेष रहे ?
5. रिक्त स्थान भरिए –

(i) (1000) – (999) =....................  (ii) (750) – (550) =....................

(iii) (999) – (..........) = 499  (iv) 999 + ............. =1000


(v) .............. + 1 = 1000  (vi) 1100 + 400 =....................

6. एक दुकानदार के पास कुल 987 कॉपियाँ थी। उनमें से उसनें 798 कॉपियाँ बेच दी। बताओ अब उसके पास कितनी कॉपियाँ शेष रही ?
7. वन विभाग द्वारा एक नर्सरी में 953 पौधे लगाए जिसमें से 427 नीम के, 238 आँवले के एवं शेष आम के पौधे लगाए। बताओ नर्सरी मे कुल आम के कितने पौधे लगाए गए ?
8. चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या में से चार अंकों की सबसे छोटी संख्या को घटाओ।


9. तीन अंको की सबसे बडी संख्या में क्या जोड़ने पर चार अंकों की सबसे छोटी संख्या बन जाएगी ?

10. हल कीजिए –


(अ)





(ब)





(स)





(द)




(य)




(र)



11 (क) देवनागरी के अंको में योग कीजिए।

(i)
```
   ७ ६
   ३ ५
 + १ ३
 ______
 ______
```

(ii)
```
   ५ ६
   २ ३
 + २ ८
 ______
 ______
```

(iii)
```
   ८ २
   ६ ५
 + ७ ५
 ______
 ______
```

(iv)
```
   ८ ६ २
   ४ ४ १
 + २ ६ ५
 ________
 ________
```

(v)
```
   ६ ३ ६
   ५ ० ६
 + २ ६ ८
 ________
 ________
```

(vi)
```
   ३ ६ ७
   ३ ० ७
 + ८ ० ०
 ________
 ________
```

(ख) देवनागरी के अंको में घटाव कीजिए।

(i)
```
   ६ ७
 - ४ ३
 ______
 ______
```

(ii)
```
   ५ ८
 - २ ८
 ______
 ______
```

(iii)
```
   ८ ४
 - ६ ०
 ______
 ______
```

(iv)
```
   ७ ० ०
 - ३ ८ ०
 ________
 ________
```

(v)
```
   ८ २ ७
 - ५ ३ ७
 ________
 ________
```

(vi)
```
   ४ २ ५
 - २ ६ ४
 ________
 ________
```

12 वीनू ने ३१५ में एक स्टोव खरीदा और १२६ रू में एक भगोना खरीदा। बताइए उसने कुल कितने रूपये खर्च किए ?

13 राधा ने कुल ५०० कागज की थैलियाँ बनाई। दीपू ने उसमें से २६६ थैलियाँ किराना व्यापारी को दे दी। अब राधा के पास कितनी थैलियाँ बची।